>

Title: Need to purify the underground water containing arsenic and fluoride in Agra, Uttar Pradesh and other parts in the country.

प्रो. रामशंकर (आगरा): अध्यक्ष महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2010 में सबके लिए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की घोषणा की है। लेकिन सरकारी स्तर पर किये जा रहे प्रयासों से मुझे नहीं लगता कि पूरे देश में पानी की समस्या हल हो सकेगी। गरीब आदमी जो सरकारी पानी के ऊपर अपना जीवन व्यतीत करता है, उसके सामने बड़ी भारी समस्या है। मेरे लोक सभा क्षेत्र आगरा, मथुरा और ऐटा जिले में खारा पानी है।

वहां खारा पानी होने के कारण जमीन के नीचे से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा 2000 से 3000 तक है जिसके कारण उस पानी को पीने वाला आम आदमी कई बीमारियों का शिकार होता है। पेट खराब होता है, घुटनों में दर्द होता है और विशेष रूप से बीमारी के कारण वहां व्यक्ति 40 से 50 आयु की उम्र में ही अपना शरीर पूरा कर लेता है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि यमुना नदी जो आगरा के किनारे बहती है, लेकिन दिल्ली में यमुना का बैराज बनने के कारण और मथुरा में गोकुल बैराज बनने के कारण आगरा में यमुना नदी में पानी नहीं रह जाता है, जिसके वाटर वर्क्स से पानी की जो सप्लाई होती है, उसमें गंदा, पीला और कीड़ेदार पानी पीने को जनता मजबूर है। इसलिए मेरा निवेदन है कि यमुना नदी पर आगरा में बैराज बनवाया जाए, जो काफी पहले से प्रस्तावित है। वहां पर हर वर्ष जो वैज्ञानिकों की रिपोर्ट है कि पानी दो मीटर नीचे चला जाता है, इससे आने वाले समय में वहां पानी की भारी समस्या होने वाली है। वहां पर जो आलू उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है, जहां देश का 25 प्रतिशत आलू उत्पादित होता है, उसके सामने भी संकट है।

महोदया, इसी के साथ दूसरा महत्वपूर्ण निवेदन मैं करना चाहता हूं कि ताजमहल 400 वर्ष पूर्व बनाया गया है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : दूसरा मैटर मत उठाइए, एक ही मैटर उठाइए।

प्रो. रामशंकर : महोदया, उस समय यमुना में पानी था, लेकिन आज यमुना पूरी तरह खाली है। इसके कारण वहां धूल उड़ती है जिससे उसकी चमक समाप्त हो रही है और उसके नीचे जो लकड़ी है, वह सिकुड़ रही है जिससे ताजमहल को खतरा है। इसलिए मेरा निवेदन है कि यमुना पर बैराज बनाया जाए।